भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 825

जिसका उत्तर 26 जून, 2019 को दिया जाना है।

5 आषाढ़, 1941 (शक)

आई टी पार्क

825. श्री राजेन्द्र धेड्या गावित :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार पालघर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक आईटी पार्क का प्रावधान करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त नीति/कार्यक्रम को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) और (ख) : संबंधित राज्य सरकार की विशिष्ट मांग के आधार पर एक नया भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपीआई) केन्द्र स्थापित किया जाता है। वर्तमान में पालघर संसदीय चुनाव क्षेत्र में सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना हेतु महाराष्ट्र राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******